Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 45 ▫ रायपुर, रविवार 9 मार्च 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## सहायक आयुक्त और डीएफओ के बंगले पहुंची एसीबी-एओडब्ल्यू टीम, जांच जारी



**जगदलपुर,** 9 मार्च (हाईवे चैनल)। बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा में एंटी करप्शन ब्यूरो और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा की संयुक्त टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की है. बीजापुर में सहायक आयुक्त के सरकारी आवास समेत कई ठिकानों पर एसीबी ने दबिश दी है. जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त के जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मकान में भी छापेमारी की गई. इसके अलावा उनके दो रिश्तेदारों के बैलाबाजार और धरमपुरा स्थित एक अन्य मकान में भी एसीबी की टीम पहुंची हुई है.

इसके साथ ही एसीबी और एओडब्ल्यू की टीम ने सुकमा के डीएफओ (वन मंडल अधिकारी) समेत कई कारोबारियों के ठिकानों पर भी छापेमारी की है. बताया जा रहा है कि सुकमा जिले के कोंटा और छिंदगढ़ ब्लॉक में भी कई ठिकानों पर पूछताछ की जा रही है. बस्तर संभाग में कार्रवाई के लिए रायपुर से एसीबी और एओडब्ल्यू की टीम पहुंची हुई है. फिलहाल, जिन-जिन स्थानों पर एसीबी और एओडब्ल्यू की टीम ने दबिश दी है, वहां जांच जारी है.

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़




**नई दिल्ली,** 9 मार्च (न्यूज चैनल)। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ की घटना की निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वह इस तरह के जघन्य कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। इसके साथ ही उसने स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आधिकारिक बयान में कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ के बारे में मीडिया के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा, %हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की खबरें देखी हैं। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया।शनिवार को चीनो हिल्स स्थित बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के मंदिर में अज्ञात लोगों ने द्वारा तोड़फोड़ की गयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंदिर की दीवारों पर 'हिंदू वापस जाओ' और 'मोदी हिंदुस्तान मुरदाबाद' जैसे नारे लिखे गए थे।

### ब्रेकिंग न्यूज

## 11-12 मार्च को मॉरीशस जाएंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली,** 9 मार्च (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मार्च से मॉरीशस की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर आएंगे और द्वीपीय राष्ट्र के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम के निमंत्रण पर वहां जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की मॉरीशस की निर्धारित राजकीय यात्रा पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री 11 और 12 मार्च 2025 को मॉरीशस की यात्रा करेंगे। 2015 के बाद से प्रधानमंत्री की यह पहली मॉरीशस यात्रा है।

विक्रम मिस्री ने कहा कि मॉरीशस के साथ हमारे संबंध, निश्चित रूप से, साझा इतिहास, संस्कृति और बहुत मजबूत और मजबूत लोगों के बीच संबंधों पर आधारित हैं जो कई शताब्दियों पहले से चले आ रहे हैं; मॉरीशस हिंद महासागर में हमारे प्रमुख भागीदारों में से एक है। 2015 में मॉरीशस में ही प्रधानमंत्री ने मिशन सागर- क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास को स्पष्ट किया था। उन्होंने बताया कि इस यात्रा की एक खास बात यह है कि पीएम मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी समारोह में भाग लेगी। भारतीय नौसेना का एक जहाज भी वहां मौजूद रहेगा। इसके अलावा, भारतीय वायु सेना की आकाश गंगा स्काईडाइविंग टीम भी समारोह में भाग लेगी।

## गोवा में ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश, 11.672 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली,** 9 मार्च (न्यूज चैनल)। गोवा क्राइम ब्रांच ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है, जिसमें 11.672 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की गई है। बरामद की गई ड्रग्स की अनुमानित कीमत 11.67 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह गोवा के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा ड्रग्स पकड़ने का मामला माना जा रहा है। क्राइम ब्रांच ने एक महीने तक चलाए गए खुफिया ऑपरेशन के बाद आरोपी युवक गुरीम को गिरफ्तार किया है। ड्रग्स रैकेट के इस खुलासे में अब तक का सबसे बड़ा ड्रग्स का जखीरा बरामद किया गया है। हाइड्रोपोनिक वीड को खासतौर पर उच्च गुणवत्ता वाली ड्रग्स के रूप में माना जाता है, जो आसानी से बाजार में बेचा जा सकता है। गोवा पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच में जुट गई है। गोवा क्राइम ब्रांच के एएसआई संतोष गोवेकर के नेतृत्व में पीआई लक्सी अमोनकर, पीसी-6004 कल्पेश शिरोडकर और पीसी-6800 कमलेश धर्गलकर की टीम ने सपना होटल के पास स्थित एक बंद परिसर में यह कार्रवाई की। क्राइम ब्रांच ने इस दौरान आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान निशांत और प्रशांत के रूप में हुई, दोनों कर्नाटक के रहने वाले हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गोवा के रहने वाले नूरसाब ने आरोपियों को इस अवैध गतिविधि के लिए स्थान उपलब्ध कराया था।

## हाईकोर्ट ने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी के आरोपी पटवारियों का निलंबन किया रद्द



**रायपुर,** 9 मार्च (हाईवे चैनल)। भारतमाला परियोजना के तहत विशाखापटनम इकोनॉमिक कॉरिडोर निर्माण के लिए भूमि अर्जन में अनियमितता के आरोप में निलंबित किए गए अभनपुर क्षेत्र के तीन पटवारियों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। हाईकोर्ट ने राजस्व विभाग द्वारा जारी निलंबन आदेश को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अवर सचिव अन्वेष घृतलहरे ने 8 अक्टूबर 2024 को नायक बांधा के हल्का पटवारी जितेंद्र साहू, दिनेश पटेल और टोकरो के पटवारी लेखराम देवांगन को भूमि अर्जन प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप में निलंबित कर दिया था। पटवारियों ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा कि राजस्व विभाग के सचिव के पास निलंबन आदेश जारी करने का अधिकार नहीं है इससे पहले भी इसी मामले में गोबरा नवापारा के तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण के निलंबन आदेश को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। यह मामला भारतमाला परियोजना के तहत विशाखापटनम इकोनॉमिक कॉरिडोर के निर्माण के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया में अनियमितता का है। पटवारियों पर आरोप था कि उन्होंने भूमि अर्जन में गड़बड़ी की और इसके लिए उन्हें निलंबित कर दिया गया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने निलंबन आदेश को अवैध करार देते हुए पटवारियों को राहत प्रदान की है।

## किसान के बाद बाघ ने गाय को बनाया शिकार



**बिलासपुर,** 9 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले के तखतपुर क्षेत्र में बाघ का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते तीन दिनों से कुआं के पेंड्री खार इलाके में उसकी आमद देखी जा रही है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हाल ही में बाघ ने एक किसान पर हमला किया था, और अब एक गाय को अपना शिकार बना लिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इससे पहले कठमुड़ा, टिकरी और गढ़ाघाट इलाके में भी बाघ के पैर के निशान मिले थे, जिससे यह स्पष्ट है कि वह लगातार अलग-अलग इलाकों में घूम रहा है। वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है और उसकी मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है, लेकिन अब तक उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। बाघ के खुलेआम विचरण से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है.

## कुलभूषण जाधव के अपहरण में शामिल मुफ्ती शाह मीर की बलूचिस्तान में गोली मारकर हत्या



**नई दिल्ली,** 9 मार्च (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में शुक्रवार रात एक सनसनीखेज घटना में मुफ्ती शाह मीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुफ्ती शाह मीर वही शख्स था, जिसने भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव को ईरान से अगवा करने में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ढ्ढस्ढ्ढ की सहायता की थी। पुलिस के अनुसार, मुफ्ती नमाज अदा करने के बाद तुर्बत की एक मस्जिद से बाहर निकल रहा था, तभी मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं।

गंभीर रूप से घायल मुफ्ती को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। शाह मीर जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (छ्वढ्ढ) का सक्रिय सदस्य था और मुफ्ती की आड़ में हथियारों व मानव तस्करी में लिप्त था। वह ढ्ढस्ढ्ढ का करीबी सहयोगी माना जाता था और अक्सर आतंकी शिविरों में देखा जाता था। 2016 आईएसआई ने जाधव को ईरान-पाकिस्तान सीमा से अगवा किया था, जिसमें मुफ्ती की अहम भूमिका थी। जाधव को बाद में पाक सेना को सौंप दिया गया और 2017 में उन्हें फांसी की सजा सुनाई गई। वह अभी भी पाक जेल में हैं। मुफ्ती पर पहले भी दो बार हमले हो चुके थे। हमलावरों की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

## राजधानी में 'रन फॉर मान' का हुआ आयोजन, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए 1000 छात्रों ने लगाई दौड़



■ मानसिक स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देना उद्देश्य

**रायपुर,** 9 मार्च (हाईवे चैनल)। राजधानी में 'रन फॉर मान' का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देना था. इस विशेष आयोजन में लगभग 1000 छात्र, जिनमें 50 विशेष रूप से सक्षम छात्र भी शामिल थे. उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को तोड़ने का संकल्प लिया.

कार्यक्रम की शुरुआत पुश-अप चैलेंज, जुम्बा सेशन और चेयरपर्सन गौरव अग्रवाल के उद्घाटन संबोधन के साथ हुई. मुख्य आकर्षण रहा यंग इंडियंस के सदस्यों द्वारा रन फ्लैग-ऑफ, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए दौड़ पूरी की. दौड़ के समापन के बाद, मुख्य अतिथि रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह का स्वागत किया, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर खुली बातचीत की जरूरत को उजागर करते हुए प्रेरणादायक भाषण दिया. इसके बाद सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मोमेंटो वितरित किए गए और अंत में को चेयरपर्सन पंकज सोमानी द्वारा धन्यवाद भाषण दिया गया, जिसमें सभी सहयोगियों के योगदान को सराहा गया. इस पहल ने छात्रों, शिक्षकों और समुदाय को एक मंच पर लाकर जागरूकता, समावेशिता और मानसिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया. यंग इंडियंस रायपुर भविष्य में भी ऐसे प्रभावशाली आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है.

## होली के बीच बोर्ड परीक्षाएं, नगाड़ों की डिमांड रहेगी कम



14 मार्च को मनेगा होली पर्व, बिक्री हेतु बाजार पहुंचा नगाड़ा

■ 150 रुपये से लेकर 2500 तक के नगाड़ा है उपलब्ध

**धमतरी,** 9 मार्च (हाईवे चैनल)। हिन्दू सनातन धर्म में होली पर्व का विशेष महत्व है। पर्व के कई दिनों पहले से ही पर्व की खुमारी शुरु हो जारी है। होली पर्व पर नंगाड़ो की थाप कई दिन पहले से ही सुनाई देती है। लेकिन इस बार यह थाप कम हो सकती है। क्योंकि होली पर्व के बीच 10वीं, 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं भी जारी रहेगी।

बता दे कि 13 मार्च को होलिका दहन होगा धमतरी शहर सहित जिले में अनेक स्थानों पर होलिका दहन हर वर्ष की भांति किया जायेगा। पर्व मे बसंत पंचमी के दिन परम्परा अनुसार अरण्डी का पेड़ लगाकर होलिका दहन की तैयारियां शुरु कर दी गई है। होलिका दहन की अगली सुबह 14 मार्च को होली का पर्व मनाया जायेगा। इसके कई दिन पहले से ही बाजार में नंगाड़ो की बिक्री शुरु हो गई है। घड़ी चौक में नंगाड़ा विक्रेताओं ने बताया कि अभी नंगाड़ो की डिमांड कम है। जैसे-जैसे पर्व नजदीक आयेगा। नंगाड़ो की डिमांड बढ़ेगी। बता दे कि बाजार में 150 रुपये से लेकर 2500 तक के नंगाड़ा उपलब्ध होते है। शहर में कई स्थानों पर नंगाड़ा की बिक्री होती है। बाहर से लोग नंगाड़ो की बिक्री करने भी पहुंचते है। चूंकि इस साल 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षाएं होली पर्व के बीच ही है। इसलिए नंगाड़ो की डिमांड प्रभावित हो सकती है। दरअसल बोर्ड परीक्षाओं के चलते नंगाड़ो से परीक्षार्थियों की बढ़ाई भी प्रभावित हो सकती है।

### घटते जा रहा है नंगाड़ों और फाग का क्रेज

कुछ साल पहले होली पर्व पर लगभग 15 दिन पहले से ही नंगाड़ो की थाप सुनाई पड़ती थी। गली गली में बच्चे बड़े शौंक से नंगाड़े बजाते थे। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में नंगाड़ा बजाने के लिए कई टोलिया फेमस थी। इसलिए फाग, प्रतियोगिता होती थी। जिसमें नंगाड़ा के कई आकर्षक थाप सुनाई पड़ते थे। लेकिन धीरे-धीरे यह परम्परा घटते जा रही है। नंगाड़ो का क्रेज तो काफी कम हो गया है। होली के एक दो दिन पहले ही नंगाड़ा बजते है। वहीं फाग भी अब कम होते जा रहा है। शहर में तो यह अब अंतिम दौर में है। कुछ ग्रामीण इलाकों में फाग को संजीवनी मिलती रहती है।

## मथुरा में छैमार गिरोह के सरगना फाती उर्फ असद का एनकाउंटर, 36 मामलों में था आरोपी

**नई दिल्ली,** 9 मार्च (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में हाईवे पुलिस ने रविवार तड़के एक बड़ी कार्रवाई करते हुए छैमार गिरोह के सरगना फाती उर्फ असद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मारा गया बदमाश 1 लाख रुपए का इनामी था। असद के खिलाफ लूट, डकैती और हत्या जैसे गंभीर अपराधों के आरोप थे।

जानकारी के मुताबिक, हाईवे थाना प्रभारी आनंद कुमार शाही ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बदमाशों का एक गिरोह हाईवे क्षेत्र में सक्रिय है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रविवार तड़के क्षेत्र में घेराबंदी की। इस घेराबंदी के दौरान पुलिस की टीम का सामना अन्तरराज्यीय छैमार गिरोह के सरगना फाती उर्फ असद से हुआ फायरिंग में घायल हुआ बदमाश बताया जा रहा है कि जैसे ही पुलिस ने सरगना को घेरने की कोशिश की, उसने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फाती उर्फ असद मूल रूप से हापुड़ जिले के गढ़ मुकतेश्वर का रहने वाला था। उसके खिलाफ लूट, डकैती, हत्या समेत 3 दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज थे। मथुरा में भी वह कई मामलों में वांछित था।